# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रदान करेंगी पद्म पुरस्कार, पूर्व उप–राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉक्टर पद्मा सुब्रमण्यम को दिया जाएगा पद्म विभूषण ।

2. कांग्रेस ने दो लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों का किया एलान, रांची से यशस्विनी सहाय और गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह को बदलकर प्रदीप यादव को बनाया प्रत्याशी।

3. झारखंड में चार लोकसभा सीटों के लिए नामांकन प्रकिया जारी, सिंहभूम से आज एनडीए उम्मीदवार गीता कोड़ा करेंगी नामांकन, कल खूंटी से परचा भरेंगे अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा।

4. चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब नेट में सीधे शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में कर सकते हैं पीएचडी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने की घोषणा।

5. बोकारो, धनबाद समेत राज्य के 11 जिलों में आज लू की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, लोगों को सावधानी बरतने की सलाह।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। पूर्व उप–राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉक्टर पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किए जाएंगे। डॉक्टर बिन्देश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया जाएगा। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और गायिका ऊषा उथुप को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा समाज सेवी डॉक्टर सीताराम जिंदल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तेजस मधुसूदन पटेल और उत्तरप्रदेश के पूर्वराज्यपाल राम नाईक को भी पद्म भूषण से नवाजा जाएगा। देश में पद्म पुरस्कार सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हैं जो तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किये जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है।

**********************

कांग्रेस पार्टी ने झारखंड की दो लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। रांची से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। जबकि गोड्डा लोकसभा सीट से दीपिका पांडेय सिंह को बदलकर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने अधिसूचना जारी की है। झारखंड में कांग्रेस ने सात सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

**********************

झारखंड में चार लोकसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। सिंहभूम लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इधर खूंटी से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा कल नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। झारखंड में 13 मई को सिंहभूम खूंटी लोहरदगा और पलामू इन चार सीटों पर वोट डाले जाएंगे। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है।

**********************

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) की ओर से कल झारखंड के एलएडीसी का प्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर झालसा ने पहल करते हुए वृद्धाश्रम के कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए छह सप्ताह लंबा अभियान और झारखंड की जेलों में बंद गर्भवती महिला कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की कार्य योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश आनंद सेन ने कहा कि प्रत्येक जिले के एलएडीसी और डीएलएसए न्याय पाने और वंचितों के बीच के अंतर को पाट सकते हैं। न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक ने कहा कि झालसा का कार्य और कर्तव्य वंचित वर्ग को राहत देना है,

जिन्हें कोई महत्व नहीं दिया गया है। बल्कि राज्य द्वारा दी गई कोई भी सुविधा उन तक नहीं पहुंची है। इसलिए उनकी देखभाल करना झालसा का परम कर्तव्य है।

**********************

दुमका में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी गई। पीपीटी के माध्यम से सभी को चुनाव से जुड़े उनके कार्यों और दायित्वों के बारे में बताया गया। इधर जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्येश से स्वीप के तहत दुमका पार्क में क्विज प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इसमें उपस्थित आम नागरिकों, वृद्ध जनों के बीच चुनाव सम्बन्धी सवाल पूछे गए।

**********************

लोहरदगा में जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां चलाई जा रही है। इस बार 90 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

**********************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे नेट में शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते हैं। जहां ग्रेडिंग सिस्टम का पालन किया जाता है, वहां उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या पॉइंट स्केल पर इसके समकक्ष ग्रेड होना चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों को उस विषय में उपस्थित होने की अनुमति दी जाती है जिसमें वे पीएचडी करना चाहते हैं, चाहे उन्होंने जिस भी विषय में चार वर्षीय स्नातक की डिग्री हासिल की हो। अभी नेट उम्मीदवार को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री करना जरूरी होता है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ डोडा जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि बंदगांव थाना क्षेत्र के बरजो गांव से छापेमारी में यह बरामदगी की गई है। कुल 92 बोरों में भरे हुए 2 हजार 162 किलोग्राम डोडा का बाजार मूल्य 3 करोड़ 24 लाख रुपए से अधिक बताया गया है।

**********************

देवघर पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है।. सभी साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी जिले के बुढ़ई थाना क्षेत्र के डोमाघाघर जंगल और मधुपुर थाना क्षेत्र के कालीमंडा के पास से हुई है।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के ग्यारह जिलों में आज तेज लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में पलामू, गढ़वा, साहेबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, सरायकेला–खरसांवा शामिल हैं। मौसम विभाग ने लोगों से लू से बचाव के लिए एहतियात बरतने की सलाह दी है। दूसरी तरफ कल राज्य में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा में ही दर्ज किया गया. यहां का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के कई शहरों का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव से कल राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मौसम में बदलाव संभव है। तेज हवा के साथ वज्रपात तथा जमशेदपुर, चाईबासा, सिमडेगा, गुमला, सरायकेला में हल्की बारिश हो सकती है। रांची और आसपास के इलाके में बादल छाये रह सकते हैं। मौसम में इस बदलाव से अधिकतम तापमान के दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है।

**********************

- मंडल कारा सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सरायकेला के द्वारा जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कई बंदियों के द्वारा दिए गए आवेदन में

कुल 4 मामलों पर विचार किया गया जिनमे दो मामलो का निष्पादन किया गया और दो बन्दी को मुक्त किया गया।

- धनबाद की महुदा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर साढ़े आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा।
- जामताड़ा जिले के मिहिजाम स्थित दिगंबर जैन मंदिर परिसर में भगवान महावीर की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गई। इस अवसर पर काफी संख्या में जैन समुदाय के लोग मंदिर परिसर में दैनिक आरती में शामिल हुए।

**********************

अखबारों की सुर्खियों से

उलगुलान न्याय रैली और उसमें इंडिया गठबंधन के नेताओं के संबोधन को राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव की गहमागहमी की खबर सुर्खियों में हैं।

प्रभात खबर की सुर्खी है– झारखंड कांग्रेस की अंतिम सूची जारी– रांची से सुबोधकांत की बेटी यशस्विनी और गोड्डा से दीपिका को बदल प्रदीप यादव को टिकट।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– गीता आज और अर्जुन, कालीचरण और जोबा कल करेंगे नामांकन।

हिन्दुस्तान लिखता है – जानलेवा हुई लू जमशेदपुर में एक की मौत।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– हमारी सेना का ग्लोबल फुटप्रिंट, अमेरिका की 3 सैन्य कमांड में होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– उलगुलान न्याय महारैली में एकजुट हुए आईएनडीआई के नेता, दिखाई ताकत।

चतरा में एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ पिता– पुत्र गिरफ्तार, राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर 17 वर्षीय गुकेश ने कैंडीडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीता अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। शिल्पी/मीनाक्षी आरएनयू

**********************